संख्या–cm-33
16/01/2019

मुख्यमंत्री ने किया बख्तियारपुर मोकामा फोरलेन पथ, राजेन्द्र सेतु के समानान्तर नया 6 लेन गंगा ब्रिज, सिमरिया–खगड़िया 4 लेन पथ, मुँगेर घाट–खगड़िया रोड–सह–ब्रिज तथा अगुवानी घाट पुल का एरियल सर्वेक्षण

पटना, 16 जनवरी 2019 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार द्वारा पटना से बख्तियारपुर होते हुए बख्तियारपुर मोकामा फोरलेन पथ, राजेन्द्र सेतु के समानान्तर नया 6 लेन गंगा ब्रिज, सिमरिया–खगड़िया 4 लेन पथ, मुँगेर घाट–खगड़िया रोड–सह–ब्रिज तथा अगुवानी घाट पुल का एरियल सर्वेक्षण किया गया।

बख्तियारपुर–मोकामा 4 लेन पथ का निर्माण एन0एच0ए0आई0 द्वारा कराया जा रहा है, जिसकी कुल लंबाई 44.6 कि0मी0 एवं निर्माण लागत 954.58 करोड़ रूपये है। इस पथ की भौतिक प्रगति 6.58 प्रतिशत है। वर्त्तमान में 5.5 कि०मी० लंबाई में मिट्टी भराई का कार्य संपन्न हो चुका है। 34 की संख्या में पुलों एवं पुलियों का निर्माण कार्य जारी है। यह परियोजना अधिकांशतः ग्रीनफिल्ड है। इसे 2020 तक पूर्ण करने का प्रयास किया जाएगा। इसमें अत्यधिक तेजी लाने पर मुख्यमंत्री द्वारा निर्देशित किया गया।

एन0एच0ए0आई0 द्वारा निर्माणाधीन औंटा घाट सिमरिया 6 लेन गंगा ब्रिज राजेन्द्र सेतु के समानान्तर पूरब की ओर है। यह नया 6–लेन पुल निर्माणाधीन है। इस पुल की कुल लंबाई 1.865 कि०मी० होगी एवं पहुँच पथ 6.285 कि०मी० लंबा होगा। अभी तक 10 पीलर में कार्य प्रारम्भ हुआ है। पहुँच पथ में कार्य प्रारम्भ हो रहा है। इस पुल का निर्माण कार्य 2021 तक पूर्ण होने की संभावना है।

एन0एच0ए0आई0 द्वारा निर्माणाधीन सिमरिया–खगड़िया 4 लेन पथ सिमरिया से बरौनी, बेगूसराय होते हुए खगड़िया तक 4 लेन चौड़ीकरण किया जा रहा है। इस पथ की कुल लंबाई 60.232 कि०मी० है। 27.03 कि०मी० में 4 लेन चौड़ीकरण का कार्य हो चुका है। इस कार्य को जून 2020 तक पूर्ण करने का निर्देश मुख्यमंत्री द्वारा दिया गया।

मुँगेर घाट रेल–सह–रोड ब्रिज का पहुँच पथ के निर्माण कार्य की गति तेज करने पर बल दिया गया। मुँगेर की ओर लगभग 9 कि०मी० पहुँच पथ बनाना है। लगभग 6 कि०मी० भू–अर्जन करके एन0एच0ए0आई0 को उपलब्ध करा दिया गया है।

अगुवानी घाट–सुल्तानगंज पुल का राज्य सरकार द्वारा नाबार्ड से ऋण लेकर निर्माण कार्य पुल निर्माण निगम से कराया जा रहा है, जो ग्रीनफिल्ड परियोजना है। इस पुल की कुल लंबाई 3.160 कि०मी० है तथा पहुँच पथ 20.0 कि०मी० है। इस पुल का निर्माण कार्य तेजी से जारी है। वर्ष 2020 तक इस योजना को पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है। तद्नुसार बिहार राज्य पुल निर्माण निगम द्वारा सतत् अनुश्रवण किया जा रहा है। दक्षिण की ओर से सुल्तानगंज से 1.2 कि०मी० दूरी तक ऐलिवेटेड रोड एवं आर0ओ0बी0 के निर्माण हेतु सैद्धांतिक सहमति प्रदान की गई है ताकि इस पुल के पहुँच पथ की नये प्रस्तावित मुँगेर–मिर्जाचौकी 4 लेन पथ में मिलाया जा सके।

मुँगेर–भागलपुर–मिर्जाचौकी 4 लेन पथ, एन0एच0ए0आई0 द्वारा मुँगेर से भागलपुर–मिर्जाचौकी तक नये ग्रीनफिल्ड रोड का निर्माण किया जाना है। इसकी कुल लंबाई 120.0 कि०मी० है। उल्लेखनीय है कि यह योजना पूर्वी बिहार के आवागमन के दृष्टिकोण से

बहुत महत्वपूर्ण योजना है, जिसमें पी0एम0 पैकेज के अंतर्गत लगभग 6480 करोड़ रूपये खर्च करने का लक्ष्य रखा गया है।

बरियारपुर आर0ओ0बी0 का निर्माण, बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लि० द्वारा बरियारपुर से हवेली खड़गपुर पथ, वर्तमान में राष्ट्रीय उच्च पथ संख्या 333, में इस आर0ओ0बी0 का निर्माण कार्य किया गया है। यह राज्य सरकार एवं रेलवे द्वारा सहभागिता (कॉस्टे शेयरिंग) के आधार पर बनाया गया है। इससे बरियारपुर से हवेली खड़गपुर होते हुए जमुई का आवागमन सुगम हो सकेगा। इसके बन जाने से मुँगेर–भागलपुर पथ के समानान्तर एक नई व्यवस्था विकसित हो सकेगी। आर0ओ0बी0 के दक्षिण 09 कि०मी० आगे झपड़ी मोड़ से कौरिया पथ होकर असरगंज, शंभुगंज होते हुए बाँका एवं भागलपुर तक पहुँचा जा सकता है। जिससे भारी वाहनों का आवागमन सुगम हो सकेगा।

मुख्यमंत्री के एरियल सर्वेक्षण के दौरान पथ निर्माण मंत्री श्री नंदकिशोर यादव, मुख्य सचिव श्री दीपक कुमार, प्रधान सचिव, पथ निर्माण विभाग श्री अमृत लाल मीणा, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री चंचल कुमार उपस्थित थे।

******